दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 31 दिसंबर 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 94

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### मैरियन बायोटेक की सभी निर्माण गतिविधियां बंद

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय फार्मा कंपनी मैरियन बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड में सभी निर्माण गतिविधियों को उज्बेकिस्तान के आरोपों के बाद बंद कर दिया गया है, जिसमें कहा गया है कि कंपनी का सिरप पीने से देश में कम से कम 18 बच्चों की दवा खाने के बाद मौत हो गई। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) के निरीक्षण के बाद निर्माण गतिविधियों पर रोक लगा दी गई है। उत्तर प्रदेश औषधि नियंत्रण विभाग और सीडीएससीओ की टीमों द्वारा निर्माता की नोएडा स्थित कंपनी का संयुक्त निरीक्षण किया गया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने एक ट्वीट में कहा, निरीक्षण के बाद नोएडा इकाई में मैरियन बायोटेक की सभी निर्माण गतिविधियों को कल रात रोक दिया गया। सरकारी एजेंसियों द्वारा आगे की जांच जारी है। कफ सिरप के नमूने निर्माण परिसर से लिए गए हैं और परीक्षण के लिए क्षेत्रीय औषधि परीक्षण प्रयोगशाला (आरडीटीएल), चंडीगढ़ भेजे गए हैं।

### आग लगने से होटल का एक बड़ा हिस्सा गिरा, 19 लोगों की मौत

**नोम पेन्ह।** उत्तर-पश्चिम कंबोडिया के बंतेय मीनचे प्रांत में एक होटल में भीषण आग लगने से कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई। बंतेई मीनचे प्रांतीय सूचना विभाग के निदेशक सेक सोखोम ने बताया, शुरूआती रिपोर्ट में 19 लोगों को मृत घोषित कर दिया गया और कुछ और पीड़ित अभी भी जली हुई इमारत में कैद हैं। तलाशी अभियान अभी भी जारी है। प्रांतीय पुलिस की रिपोर्ट के अनुसार, इस घटना में मृतकों के अलावा 23 गंभीर रूप से घायल हो गए और 50 अन्य को मामूली चोटें आईं। रिपोर्ट में कहा गया है कि बंतेई मीनचे प्रांतीय पुलिस प्रमुख मेजर जनरल सिथि लोह के नेतृत्व में 360 से अधिक आपातकालीन कर्मियों ने आग बुझाने के लिए 11 दमकलों का उपयोग करते हुए बचाव अभियान में भाग लिया। पड़ोसी देश थाईलैंड ने भी आग बुझाने में मदद के लिए अपने दमकल वाहन भेजे थे।

### कोविड में बढ़ोतरी के बीच चीन ने खोली हवाई यात्रा, विशेषज्ञ चिंतित

**हांगकांग।** चीन के नागरिक उड्डयन प्रशासन (सीएएसी) ने 8 जनवरी से कोविड-19 यात्रा प्रतिबंधों को हटाने की घोषणा की है, इसके बाद विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यह दुनिया के लिए सबसे खराब स्थिति हो सकती है, क्योंकि देश के अस्पताल अभी भी कोविड संक्रमितों से भरे हुए हैं। कोविड बढ़ोतरी के बीच चीन की यात्रा फिर से शुरू करने के लिए एयर कैरियर्स ने भी तीखी प्रतिक्रिया दी है। हैंग सेंग बैंक चीन के मुख्य अर्थशास्त्री डैन वांग ने यूरो न्यूज को बताया, अंतर्राष्ट्रीय यात्रा में वृद्धि होने की संभावना है, फिर भी पूर्व-महामारी के स्तर पर लौटने में कई और महीने लग सकते हैं। उन्होंने उल्लेख किया, कोविड अभी भी चीन के अधिकांश हिस्सों में फैल रहा है। उत्पादकता में कमी महत्वपूर्ण है और आने वाले महीनों में मुद्रास्फीति के दबाव तीव्र हो सकते हैं क्योंकि मांग में अचानक वृद्धि आपूर्ति में सुधार को पीछे छोड़ देगी। सीएएसी ने कहा कि यह इनबाउंड उच्च जोखिम वाली उड़ानों को नामित करना बंद कर देगा और इनबाउंड उड़ानों पर यात्री क्षमता के लिए 75 प्रतिशत की सीमा को समाप्त कर देगा। इसके अलावा, चीनी और विदेशी एयरलाइंस द्विपक्षीय समझौतों के अनुसार निर्धारित यात्री उड़ानों की व्यवस्था करेंगी।

# सीबीआई ने रिश्वत मामले में सेना के दक्षिण पश्चिमी कमान के अधिकारी को किया गिरफ्तार

**जयपुर समेत 9 जगह छापेमारी**




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने कहा कि रिश्वत मामले में दक्षिण पश्चिमी कमान से जुड़े भारतीय रक्षा लेखा सेवा (आईडीएएस-98) के एक अधिकारी उमाशंकर प्रसाद कुशवाह को गिरफ्तार किया है। इनसे पूछताछ के आधार पर सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान सीबीआई टीम ने जयपुर, जींद, बठिंडा, गंगा नगर सहित नौ अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर 40 लाख रुपये और सरकारी नौकरों से संबंधित विभिन्न संपत्ति दस्तावेज और आपत्तिजनक दस्तावेज बारामद किए हैं।

रिपोर्ट के अनुसार मामले में कुशवाह के अलावा सीबीआई ने आईएफए दफ्तर में लेखाधिकारी के तौर पर पदस्थ राम रूप मीणा, जूनियर ट्रांसलेटर विजय नामा और जयपुर स्थित तनुश्री कई के कथित बिचौलिये राजेंद्र सिंह को भी गिरफ्तार किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, आईडीएएस अधिकारी उमाशंकर प्रसाद कुशवाहा वर्तमान में जयपुर में दक्षिण पश्चिमी कमान एकीकृत वित्तीय सलाहकार (आईएफए) के रूप में तैनात थे।

सीबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उमाशंकर प्रसाद कुशवाहा के अलावा आईएफए कार्यालय में तैनात लेखाधिकारी राम रूप मीणा, जूनियर ट्रांसलेटर विजय नामा, हरियाणा में जिद के हाईटेक सिक्योरिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के सुनिल कुमार, राजस्थान में श्रीगंगानगर के ईएसएस पीई ट्रेडर्स के प्रबजिंदर सिंह बराड़, पंजाब के भटिंडा में डीके इंटरप्राइजेज के दिनेश कुमार जिंदल और जयपुर में झोटवाड़ा के तनुश्री सर्विसेस के राजेंद्र सिंह के खिलाफ रिश्वत का मामले दर्ज किया था।

ऐसा आरोप था कि तीन निजी फर्मों के आरोपियों ने एक साजिश रची थी जिसके तहत दक्षिण पश्चिमी कमान में विभिन्न स्थानों के लिए संरक्षण सेवाओं की आउटसोर्सिंग से संबंधित सभी कार्य प्राप्त कर रहे थे। रिपोर्ट के अनुसार, सीबीआई का आरोप है कि कुशवाहा, मीणा, नामा और सिंह मिलीभगत से नियमित रूप से आरोपी प्राइवेट ठेकेदारों से उनके बिलों को चुकाने और अनुबंध प्राप्त करने और लिए दिशा-निदेशरें का उल्लंघन कर उनका पक्ष लेने के लिए सुविधाएं और रिश्वत प्राप्त कर रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों को पंचकूला की सक्षम अदालत में पेश किया जाएगा।

# क्रिकेटर ऋषभ पंत का भीषण एक्सिडेंट, डिवाइडर से टकराकर आग का गोला बनी कार



**रुड़की (आरएनएस)।** भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य ऋषभ पंत की कार का दिल्ली से अपने घर लौटते समय एक्सीडेंट हो गया। रुडक़ी के नारसन बॉर्डर पर हम्मदपुर झाल के समीप मोड़ पर उनकी कार कर एक्सीडेंट हुआ। गंभीर रूप से घायल ऋषभ को दिल्ली रोड पर स्थित सक्षम हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। वहां से उन्हें दिल्ली रेफर किया गया है।

वहां उनकी प्लास्टिक सर्जरी की जाएगी। खानपुर विधायक उमेश कुमार उनका हाल जानने अस्पताल पहुंचे। डॉक्टरों के मुताबिक ऋषभ पंत के माथे और पैर में चोट आई है। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक देहात स्वप्न किशोर सिंह मौके पर पहुंचे। सक्षम हॉस्पिटल के चेयरमैन डा. सुशील नागर ने बताया कि फिलहाल ऋषभ पंत की हालत स्थिर बनी हुई है, उनको रुडक़ी से दिल्ली रेफर किया जा रहा है। वहां उनकी प्लास्टिक सर्जरी की जाएगी।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ऋषभ की कार रेलिंग से जा टकराई, जिसके बाद कार में आग लग गई। बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया गया गया। हादसे गंभीर रूप से घायल ऋषभ पंत को दिल्ली रोड स्थित सक्षम अस्पताल में भर्ती कराया गया।

शुक्रवार को अल सुबह भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत कार से दिल्ली से रुडक़ी की ओर आ रहे थे। रुडक़ी में ऋषभ पंत का घर है। जब उनकी कार नारसन कस्बे में पहुंची तो कार अनियंत्रित होकर रेलिंग और खंभों को तोड़ते हुए पलट गई।

इसके बाद उनकी कार में आग लग गई। तब तक ग्रामीण और पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई। अग्निशमन विभाग की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। आनन-फानन में क्रिकेटर ऋषभ पंत को दिल्ली रोड स्थित सक्षम अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां से उन्हें दिल्ली रेफर कर दिया गया है।

# मुंबई के मदर मेरी चर्च को बम से उड़ाने की धमकी, लश्कर-ए-तैयबा ने भेजा ईमेल



**मुंबई (आरएनएस)।** इस्लामी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा ने ईमेल भेजकर मुंबई के माउंट मैरी चर्च को बम से उड़ा दिए जाने की धमकी दी है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। ई मेल में धमकी दी गई है कि आतंकी संगठन चर्च पर बम से हमला करेगा। पुलिस ने आईपीसी की धारा 505 (3) के तहत केस दर्ज कर लिया है।

सांस्कृतिक पहचान वाले इस चर्च को मिली आतंकी धमकी से खलबली मच गई है। यह भारत के पांच सबसे पुराने चर्चों में से एक है। इस चर्च में प्रति वर्ष 8 सितंबर को मदर मैरी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया जाता है। सितंबर महीने में यहां एक सप्ताह तक मदर मैरी फेयर लगता है। यहां हर धर्म-मजहब के लोग मन्नत मांगने के लिए आते हैं। मलाइका अरोड़ा, जॉन अब्राहम जैसे कई सेलिब्रिटी यहां आया करते हैं। यह चर्च 300 वर्षों से मुंबई की पहचान रहा है। यह 1640 में बना था और 1761 में इसका पुनर्निमाण करवाया गया।

रिपोर्ट के अनुसार, मुंबई के बहु सांस्कृतिक, बहु धार्मिक संस्कृति का गवाह रहे माउंट मैरी चर्च को उड़ाने की धमकी को लेकर लोगों में खौफ है। बता दें कि, मुंबई शुरू से ही आतंकियों का टारगेट रही है। अब तक होटल्स, रेलवे स्टेशन, अस्पताल जैसे कई स्थान आतंकियों की हिट लिस्ट में रहा करते थे। अब आतंकियों की मुंबई के ऐतिहासिक महत्व के धार्मिक स्थल को टारगेट करने की योजना सामने आई है।

# पीएम मोदी की मां हीराबेन का 100 साल की उम्र में निधन

**0 प्रधानमंत्री ने दी मुखाग्नि**



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन मोदी का शुक्रवार सुबह 100 साल की उम्र में निधन हो गया। तबीयत बिगडऩे के बाद उन्हें अहमदाबाद के यूएन मेहता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यूएन मेहता इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी एंड रिसर्च सेंटर ने एक बयान में कहा, हीराबा मोदी का यूएन मेहता हार्ट अस्पताल में इलाज के दौरान 30 दिसंबर को तडक़े 3.30 बजे (सुबह) निधन हो गया।

मोदी ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकांउट में भारी मन से लिखा, एक गौरवशाली शताब्दी ईश्वर के चरणों में टिकी है। मां में मैंने हमेशा उस त्रिमूर्ति को महसूस किया है, जिसमें एक तपस्वी की यात्रा, एक नि:स्वार्थ कर्मयोगी का प्रतीक और मूल्यों के प्रति समर्पित जीवन समाहित है।

प्रधानमंत्री आखिरी बार अपनी मां हीराबेन से अहमदाबाद के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में मिले थे, जहां उन्हें बुधवार को भर्ती कराया गया था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबा पंचतत्व में विलीन हो गईं। पीएम मोदी ने अपने भाई के साथ मिलकर उन्हें मुखाग्नि दी।

पीएम मोदी 18 जून को मां हीराबेन के 100 वें जन्मदिन के मौके पर मिलने पहुंचे थे और बधाई दी थी। जहां पर पीएम मोदी ने करीब 30 मिनट मां के साथ गुजारे थे। इस दौरान उन्होंने मां के चरण धोए और मिठाई खिलाई थी। उसके बाद मां का आशीर्वाद लिया था।हालांकि, इससे पहले भी पीएम नरेंद्र मोदी इसी साल 27 अगस्त को दो दिवसीय गुजरात दौरे पर अचानक अपनी मां हीराबेन से मिलने पहुंचे थे। जहां पर वे साबरमती नदी पर अटल पुल के उद्घाटन और खादी उत्सव कार्यक्रम में भाग लेने के बाद पीएम मोदी अपनी मां के आवास पर पहुंचे थे।

हीराबेन गुजरात के गांधीनगर के बाहर इलाके में रायसण गांव में मोदी के छोटे भाई पंकज के साथ रहती थीं। पीएम मोदी ने अपनी मां के 100वें जन्मदिन पर उनके लिए एक पत्र लिखा था। पीएम मोदी ने मां के लिए इसमें मोदी ने तमाम यादें ताजा करते हुए अपने जीवन में मां के महत्व को समझाया था।

# झारखंड अभिनेत्री हत्याकांड : पुलिस ने मृतका के देवर को किया गिरफ्तार



**कोलकाता (आरएनएस)।** झारखंड की अभिनेत्री और यूट्यूबर रिया कुमारी की हत्या की जांच कर रही पश्चिम बंगाल पुलिस ने पीड़िता के पति प्रकाश कुमार के छोटे भाई संदीप कुमार को गिरफ्तार किया है, प्रकाश कुमार को एक दिन पहले गिरफ्तार किया गया था। पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले में बुधवार को कथित हाईवे डकैती के दौरान रिया की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। रिया का पति प्रकाश कुमार, जो फिल्म निर्माता हैं, उसे रिया के परिवार के सदस्यों की शिकायत के बाद गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया था, परिवार ने शिकायत प्रकाश कुमार के भाई का भी जिक्र किया था।

संदीप कुमार को शुक्रवार को हावड़ा जिले की निचली अदालत में पेश किया गया, सरकारी वकील ने उनके लिए पुलिस हिरासत की मांग की। राज्य पुलिस सूत्रों ने कहा कि प्रकाश कुमार की तरह, उनके छोटे भाई को भी हावड़ा जिले के बगनान पुलिस स्टेशन में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर गिरफ्तार किया गया। प्रकाश और संदीप के अलावा, प्राथमिकी में नामजद तीसरा व्यक्ति प्रकाश की पहली पत्नी शारदा देवी है। पुलिस मामले में उसकी भूमिका की भी जांच कर रही है और पश्चिम बंगाल से एक टीम पहले ही रांची के लिए रवाना हो चुकी है, जहां मृतका और उसका पति रहते थे।

जांच अधिकारी हत्या के पीछे एक संभावित वित्तीय मकसद भी देख रहे हैं। पुलिस को पता चला है कि कुमार पर बाजार में करीब 30 लाख रुपये का कर्ज है। दूसरी ओर, मृतक अभिनेत्री का अपनी तीन साल की बेटी के साथ संयुक्त जीवन बीमा पॉलिसी थी, जिसमें नामित कुमार हैं। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि कहीं रिया की हत्या के पीछे कोई वित्तीय पहलू तो नहीं है।

इस बीच पुलिस को प्रकाश के बयानों में भी काफी विसंगतियां मिली हैं। कुमार के बयान के अनुसार, हत्या बुधवार सुबह करीब छह बजे हुई जब वह रांची से कोलकाता जा रहे थे। उसके बयान के अनुसार, तीन बदमाशों ने लूट के इरादे से कार रोकने के बाद उन पर हमला किया। लेकिन जब उन्होंने इसका विरोध किया तो उनमें से एक ने रिया को एकदम से गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई।

पुलिस के एक अधिकारी ने पूछा- कुमार के अनुसार, तीन अज्ञात बदमाशों ने रिया को गोली मार दी जब दोनों ने उनका विरोध करने की कोशिश की। पुलिस को जिस कार में वह यात्रा कर रहे थे, उसके अंदर से कारतूस का खोका मिला। अगर दंपति ने उनका विरोध करने की कोशिश की तो बदमाशों ने गोली चला दी थी, उन्हें अपने वाहन के बाहर होना चाहिए था। तो कार के अंदर से खोका क्यों मिला?

दूसरे, अधिकारी के अनुसार, अगर कोई प्रतिरोध होता, तो बदमाशों की स्वाभाविक प्रवृत्ति उनकी पत्नी के बजाय पहले कुमार को गोली मारने की होती।

# काशी विश्वनाथ प्रबंधन ने नए साल पर 'स्पर्श दर्शन' पर लगाई रोक

**वाराणसी (आरएनएस)।** नए साल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ की उम्मीद के साथ जिला प्रशासन ने काशी विश्वनाथ मंदिर के प्रबंधन के साथ 31 दिसंबर से 2 जनवरी तक 'स्पर्श दर्शन' (जब भक्तों को शिवलिंग को छूने की अनुमति दी जाती है) को प्रतिबंधित कर दिया है। यह जानकारी मंदिर के अधिकारियों ने दी। अधिकारियों ने कहा कि भक्तों की भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। वाराणसी के संभागीय आयुक्त कौशल राज शर्मा ने कहा, 'स्पर्श दर्शन' को 31 दिसंबर से 2 जनवरी के बीच प्रतिबंधित कर दिया गया है। हम 30 दिसंबर को इसके लिए पूर्वाभ्यास करेंगे।' मंदिर प्रबंधन के रिकॉर्ड के अनुसार लगभग सात लाख भक्तों ने 1 जनवरी, 2022 को मंदिर में दर्शन किए थे।

हालांकि इस साल नए साल पर आगंतुकों की संख्या 12 लाख के आंकड़े को पार करने की उम्मीद है।

अधिकारियों ने 'स्पर्श दर्शन' और नियमित दर्शन (स्थानीय भाषा में 'झांकी दर्शन' कहा जाता है) के बीच के अंतर को स्पष्ट करते हुए कहा कि पहले थोड़ा समय लगता है क्योंकि भक्तों को 'गर्भगृह' में प्रवेश करने की अनुमति दी जाती है। मंदिर में धार्मिक प्रसाद चढ़ाने के लिए, जबकि बाद में भक्तों को 'गर्भ गृह' के बाहर से पुजारी को प्रसाद देने की अनुमति होती है।

'झांकी दर्शन' में पुजारी शिवलिंग पर प्रसाद चढ़ाते हैं और भक्त को 'प्रसाद' लौटाते हैं।

# यूपी को मिलेगा अपना दूसरा हाथी रिजर्व



**लखनऊ (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के दूसरे हाथी रिजर्व, तराई हाथी रिजर्व (टीईआर) के लिए एक अधिसूचना जारी की है, जो चार जिलों में फैले 3,072 वर्ग किलोमीटर भूमि पर बनाया जाएगा। इस परियोजना को मई में केंद्र के प्रोजेक्ट हाथी से सैद्धांतिक रूप से मंजूरी मिल गई थी। टीईआर लखीमपुर खीरी, बहराइच, पीलीभीत और शाहजहांपुर में फैला होगा। इसमें दुधवा टाइगर रिजर्व (डीटीआर), पीलीभीत टाइगर रिजर्व (पीटीआर) और दक्षिण खीरी वन प्रभाग के गोला और मोहम्मदी रेंज शामिल हैं।

यह राज्य के पहले हाथी रिजर्व, शिवालिक हाथी रिजर्व से लगभग चार गुना बड़ा होगा, जो बिजनौर और सहारनपुर में फैला हुआ है।

टीईआर देश में क्षेत्रफल के लिहाज से आठवां सबसे बड़ा हाथी रिजर्व होगा। एलीफेंट रिजर्व होने के कारण टीईआर को भी प्रोजेक्ट एलिफेंट के तहत फंड मिलेगा। डीटीआर के निदेशक संजय पाठक ने कहा, यह हाथियों के कारण फसल के नुकसान जैसे किसानों के मुद्दों को दूर करने में मदद करेगा। मौजूदा आबादी का प्रबंधन नेपाल और भारत के बीच जंबो द्वारा उपयोग किए जाने वाले वन्यजीव गलियारों की बहाली और रखरखाव, बंदी हाथियों को रखने के लिए सहायता और मानव-हाथी संघर्ष से बेहतर तरीके से निपटना भी संभव होगा। दुधवा में कुछ वर्ष पूर्व तक हाथियों की आबादी नहीं थी। उनमें से अधिकांश नेपाल के भीतर और बाहर तब तक घूमते रहे जब तक कि वे तराई क्षेत्र में वापस रहने के लिए प्रवृत्त नहीं हुए। वे केवल मानसून के दौरान बाहर जाते थे और बाद में वापस आते थे। 2020 की जनगणना के अनुसार दुधवा में लगभग 149 हाथी थे, जो बढक़र लगभग 175 हो गए हैं। इससे हाथी-मानव संघर्ष भी बढ़े हैं। अधिकारी ने कहा, हाथी रिजर्व की स्थापना से संघर्ष को सुलझाने में मदद मिलेगी।

# प्रयागराज में आवारा कुत्तों ने ले ली 21 हिरण व एक चिंकारा की जान

**प्रयागराज (आरएनएस)।** प्रयागराज के छतनाग इलाके में एक निजी गेस्ट हाउस में आवारा कुत्तों ने 21 चित्तीदार हिरण और एक चिंकारा को नोच-नोच कर मार डाला। यह घटना इस हफ्ते की शुरुआत में हुई थी, लेकिन अधिकारियों ने इसे दो दिनों तक छुपाए रखा। हिरण की देखभाल करने वाली निजी फर्म के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। हिरणों का पालन गंगा किनारे 70 एकड़ के गेस्ट हाउस में किया जा रहा था।

रिपोर्ट में कहा गया है कि निजी फर्म यूनिवर्सल केबल कंपनी लिमिटेड को 1988 में निजी संपत्ति पर हिरण पालने की अनुमति मिली थी। हिरण की देखभाल की पूरी जिम्मेदारी फर्म को दी गई थी।

वन विभाग के अधिकारियों ने पूछताछ के लिए सुरक्षा अधिकारी और हिरण पालक समेत तीन लोगों को हिरासत में लिया है और जांच के आदेश दिए गए हैं।

जांच से यह भी पता चला कि परिसर में दो छोटे नालों से आवारा कुत्ते आ सकते हैं। यह भी माना जा रहा है कि कुत्ते बाउंड्रीवाल कूद गए होंगे। प्रयागराज के जिला वन अधिकारी महावीर कौजलगी ने कहा, वन विभाग ने पूछताछ के लिए अवधेश कुमार (सुरक्षा अधिकारी), लाल चंद्र यादव (हिरण रक्षक) और जंग बहादुर (सुरक्षा गार्ड) सहित तीन लोगों को हिरासत में लिया है।

उन्होंने कहा, वन विभाग ने वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की धारा 9 के तहत गेस्ट हाउस के प्रबंधक, सुरक्षा अधिकारी, हिरण कीपर और एक निजी फर्म के सुरक्षा गार्ड सहित चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## जिला अस्पताल में घुसे पागल कुत्ते ने मचाया उत्पात, 35 लोगों को काटा, 3 घंटे बाद आया काबू

**बाड़मेर (आरएनएस)।** राजस्थान के बाड़मेर में गुरुवार को जिला अस्पताल में घुसे एक पागल कुत्ते ने 35 लोगों को काटकर घायल कर दिया। तीन घंटे के उत्पात के बाद नगर परिषद की टीम ने कुत्ते को काबू किया। बाद में कुत्ते की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, बीती शाम को एक पागल कुत्ते ने जमकर उत्पात मचाया। जो भी रास्ते में मिला उसको उसने काट कर जख्मी कर दिया। इतना ही नहीं घूमते हुए कुत्ता अस्पताल के सर्जिकल वार्ड में घुस गया। वहां भी उसने कई लोगों को जख्मी कर दिया। उसने तीन घंटे में कुल 35 लोगों को जख्मी कर दिया। इधर, जैसे ही इमरजेंसी में घायलों की भीड़ बढऩे लगी अस्पताल प्रशासन सतर्क हो गया। नगर परिषद को सूचना दी गई। इसके बाद कुत्ते को पकडऩे के लिए टीम बनाई गई। लोगों ने अपने को कमरों में बंद कर लिया। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद हॉस्पिटल के एक वार्ड से कुत्ते को पकड़ा। बताया जा रहा है कि कुत्ता पागल हो गया था। नगर परिषद की टीम के कर्मियो ने बताया कि कुत्ते को पकडऩे के बाद उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पागल कुत्ता अलग-अलग जगह पर कई लोगों को निशाना बना चुका है। कई बार नगर परिषद को इसके बारे में बताया गया। लेकिन कोई एक्शन नहीं लिया गया। जिसकी वजह से यह बड़ी घटना हुई।